वन अनुसंधान संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की

तिमाही बैठक का आयोजन

भा.वा.अ.शि.प.-वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक दिनांक 26 जून 2024 को आयोजित की गई। श्रीमती ऋचा मिश्रा, प्रमुख, वन संवर्धन एवं प्रबंधन तथा निदेशक प्रभारी, भा.वा.अ.शि.प.-वन अनुसंधान संस्थान ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहें। बैठक के प्रारम्भ में श्री आर. आनंद, कुलसचिव महोदय ने सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया और आज की बैठक की कार्यसूची के संबंध में संक्षिप्त जानकारी सांझा की। इसके बाद संस्थान के प्रभागों /अनुभागों/ कार्यालयों की हिन्दी प्रगति के आंकड़ों की समीक्षा की गई। बैठक में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम 2024-25 के प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की गई और इसके अनुपालन हेतु निर्देश दिए गए। बैठक का संचालन श्री शंकर शर्मा, सहायक निदेशक (राजभाषा) एवं सदस्य सचिव ने किया। बैठक के आयोजन में श्री दिनेश चन्द्र, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी का भी सहयोग रहा।